# अक्कनपुर इलाके में दो करोड़ से नौ पथों का होगा जीर्णोद्धार

**शिलान्यास**

- पथ निर्माण मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं
- कहा, सुगम यातायात और जलजमाव से मुक्ति पर तेजी से काम कर रही है सरकार

**पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** पथ निर्माण मंत्री सह बांकीपुर विधायक नितिन नवीन ने गुरुवार को राजधानी की नौ सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों के जीर्णोद्धार पर दो करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इस दौरान मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुन संबंधित अफ़सरों को निरस्तीकरण का निर्देशन दिया। मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के जरिये सरकार हर गली-मौहलों को व्यवस्थित और विकसित करने में लगी है। शहर में सुगम यातायात और जलजमाव से मुक्ति पर सरकार तेजी से काम कर रही है। इसके साथ ही मंत्री ने कहा कि इन पथों के निर्माण से शहरी क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यात्रा अधिक सहज और सुरक्षित होगी। मौके पर डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, वार्ड 15 के पार्षद शशि भूषण, वार्ड 17 की पार्षद सोनी देवी, कुंदन, राजेश श्रीवास्तव, प्रहलाद शर्मा आदि मौजूद थे।

## इन सड़कों और नालों का होगा निर्माण

वार्ड 15 के अयोध्या सिंह के मकान से दुलारी भवन तक, केपी पाण्डेय से माधुरी सदन तक, तारा स्वीट्स से ध्रुव ठाकुर के मकान तक भूगर्भ नाला एवं पीसीसी पथ निर्माण, मनोज साहु के मकान से सिपाही जी के मकान तक, शम्भु मेहता के मकान से अगजा तक नाला एवं पीसीसी सड़क निर्माण, अशोक सिंह के मकान से भरत सिंह के मकान तक एवं दुलारी भवन से अखिलेश सिंह तक पीसीसी पथ निर्माण शामिल है। इसके साथ ही वार्ड 17 में जर्नादन सिंह के मकान से अनिल सिंह के मकान तक एवं मिथलेश सिंह के मकान से पोद्दार भवन तक भूगर्भ नाला एवं पीसीसी का निर्माण शामिल है।